हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 20 जुलाई 2024

04 छह माह में अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज...



08 कीटनाशक दुकान में महिला ने पेट्रोल ...





# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में लगातार सांभर की तादाद में हो रही है वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

यह कहावत बिल्कुल सत्य है की सांभर संरक्षण ही बाघ संरक्षण है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में इन दिनों अच्छी तादाद में सांभर देखे जा रहे हैं जिसके कारण वन क्षेत्र में बाघ एवं तेंदुओं की संख्या भी काफी बड़ी है। सांभर हिरण का जीवन चक्र सांभर का औसत जीवनकाल 20 से 26 वर्ष के बीच होता है, लेकिन यह संख्या उनके पर्यावरण के आधार पर काफी उतार-चढ़ाव कर सकती है। सांभर बहुपत्नीक संभोग करते हैं, जिसका सीधा सा अर्थ है कि एक नर कई अलग-अलग मादाओं के साथ यौन संबंध बनाता है। सांभरों को अपने ऊपर पेशाब करते हुए और संभावित साथी पर अच्छा प्रभाव डालने के लिए पेड़ों पर अपना मूत्र फैलाते हुए भी देखा गया है। इस व्यवहार को एक तरह का प्रणय निवेदन माना जाता है। सांभर आमतौर पर सितम्बर से जनवरी तक प्रजनन करते हैं, जिससे ये महीने उनके प्रजनन काल के चरम होते हैं।



## पर्यटकों को लुभा रही है सांभरों की अठखेलियां

इन दिनों सतपुड़ा टाईगर के क्षेत्र के सांभर पर्यटकों के लिए आकर्षक का केन्द्र बने हुए हैं। दरअसल हरे भरे जंगल में सांभर का झुंण्ड और उसमें शावकों की अठखेलियां लोगों को आकर्षित कर रही है। नागरिकों का कहना है कि सतपुड़ा टाईगर रिजर्व क्षेत्र में विभाग के आला अफसरों के अलावा जिम्मेदार लोगों को वन्य प्राणियों के संरक्षण और उनके जीवन के लिए सतत नगरानी रखना चाहिए ताकि स्वच्छंद रूप से जंगलों में वन्य प्राणी विचरण कर सकें।

### 7 से 9 माह में जन्म लेता है सांभर

गर्भावधि अवधि 7 से 9 महीने तक बढ़ सकती है। एक मादा सांबर हिरण एक समय में केवल एक ही बच्चे को जन्म देती है। जन्म के कुछ समय बाद ही बच्चे चलने की क्षमता प्राप्त कर लेते हैं और तुरंत ही अपनी मां के पीछे-पीछे चलने लगते हैं। जन्म के तुरंत बाद के हफ्तों में बछड़े बहुत सक्रिय होते हैं। उनके गहरे भूरे बालों में पूरे बालों में हल्के रंग के हिस्से होते हैं। फिर भी, उम्र के साथ ये हल्के रंग के हिस्से तेजी से गायब हो जाते हैं। वे प्रायः जन्म के 5 से 14 दिन के बीच ठोस आहार खाना शुरू कर देते हैं। सांभर परिवार की एकमात्र अभिभावक मादा होती है, तथा नर बच्चे के पालन-पोषण में कोई भूमिका नहीं निभाता

## खबर संक्षेप

### नपा का जनसमस्या निवारण शिविर आज

**नर्मदापुरम।** नगरीय क्षेत्र के समस्त 33 वार्डों में निवासरत परिवारों, जनप्रतिनिधियों की नगर पालिका से संबंधित जनकल्याणकारी कार्यों, सीएम हेल्प लाईन, जनसुनवाई से संबंधित समस्याओं एवं प्रकरणों का निराकरण किए जाने के संबंध में शनिवार को 10 बजे से एक दिवसीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नगर पालिका से संबंधित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ साथ मूलभूत आवश्यकताओं एवं समस्याओं का निवारण किया जाएगा।

### गुरूपूर्णिमा महोत्सव आज से


**नर्मदापुरम।** समीपस्थ ग्राम चांदीखेड़ी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरूपूर्णिमा पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। भगवानदास महाराज ने बताया कि सीताराम जी महाराज एवं त्यागी जी महाराज की दिव्य प्रेरणा से प्रतिवर्ष सीताराम संकीर्तन का आयोजन कर भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 20 जुलाई से सीताराम संकीर्तन एवं 21 जुलाई को गुरूपूर्णिमा के अवसर पर संकीर्तन का भंडारे के साथ समापन होगा। आयोजन में ग्रामवासियों ने सभी श्रद्धालुओं को शामिल होने की बात कही।

### 'रेशम के निर्यात को बढ़ावा दिया जाएगा, इसके हर संभव उपाय किए जाएंगे'

# रेशम केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का निर्यात सेंटर व दवा का उत्पादन केन्द्र बनेगा : मंत्री जायसवाल

नर्मदापुरम जिला मुख्यालय के मालाखेड़ी रेशम केन्द्र को और अधिक सामान्य सुविधा केन्द्र विकसित एवं विकास के नये क्लस्टर बनाये जायेंगे। यह बात शुक्रवार को प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने रेशम केन्द्र मालाखेडी को दवाईयों का उत्पादन केन्द्र बनाने के लिए कई परियोजनाओं का शुभारंभ पर कही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को रेशम उत्पादन केन्द्र मालाखेडी का भ्रणम किया। मंत्री जायसवाल ने रेशम कार्य में संलग्न सभी हितग्राही महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मालाखेडी के रेशम केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का निर्यात सेंटर एवं दवाईयों का उत्पादन केन्द्र बनाया जाएगा, इसके लिए हर संभव उपाय किए जाएंगे। श्री जायसवाल ने शुक्रवार को रेशम केन्द्र मालाखेडी को दवाईयों का उत्पादन केन्द्र बनाने के लिए कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया उपस्थित थे। जायसवाल ने वायलर सोलर पावर जनरेशन प्लान्ट चालू किया एवं एफएमएस आधारित दवाई निर्माण हेतु तैयारियों का जायजा लिया। कवर्ड ककून मार्केट का प्रारम्भ कर अवलोकन किया। उन्हाने मलबरी रेशम धागाकरण, मलबरी ट्विस्टिंग इकाई, मूंगा रेशम धागाकरण इकाई, रेशम वस्त्र बुनाई, डिजायनर हेतु प्राकृत शोरूम का शुभारंभ किया। मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि सारंगपुर कोसा बीज केन्द्र का विकास होगा, एवं पचमढी में सोम के वृक्ष लगाये जायेंगे। उन्होने बताया कि रेशम केन्द्र मालाखेड़ी में पुरानी मशीन की मरम्मत की जाएगी। यहां पर रेशम एम्ब्रायडरी सेंटर का विकास किया जायेगा। तथा ग्राहकों के लिए नवीन वस्त्रों, नई डिजाइनों के लिए कार्य किया जाएगा। श्री जायसवाल ने बताया कि रेशम केन्द्र में लगे सभी पौधरोपण की फेंसिंग की जायेगी एवं शोरूम का विकास किया जावेगा। बंद पड़े सोलर सिस्टम को ठीक किया जाएगा तथा सिंचाई पम्पों को सोलर से जोड़ा जायेगा। पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु EMS आधारित व्यवस्था की जाएगी।

### स्थानीय रोजगार सृजित किए जाएंगे

मंत्री जायसवाल ने बताया कि सिल्क टूरिज्म का विकास करते हुये स्थानीय रोजगार सृजित किए जायेंगे। जिससे फेडरेशन की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पुराने भवनों को बहुउद्देशीय रेशम केन्द्रों में परिवर्तित किए जायेंगे। और वहां पर प्रशिक्षण की गतिविधियां प्रारम्भ की जायेंगी। लोगो को जेव्ही एवं एसपीव्ही के माध्यम से रोजगार दिया जाएगा और स्टार्टअप के माध्यम से युवाओं को रोजगार दिया जाएगा।

### नए कपड़ों का होगा निर्माण

मंत्री जायसवाल ने बताया कि भारत सरकार के कृषि एवं वस्त्र और पर्यटन मंत्रालय से लेख प्राप्त करने का प्रयास होगा। उन्होने बताया कि मालाखेड़ी, मढई, एवं पचमढी सतपुडा रीजन को पेशेविक रेशम विकास केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा और क्लमकारी, बनारसी, जामदानी, बगरू, डाबू, जयपुर प्रिंटमेट, बाग बंधेज, फीहेण्ड प्रिंटिंग आदि फेशन के ट्रेण्ड्स नवीन वस्त्रों का निर्माण किया जावेगा। उन्होने बताया कि रेशम के प्रिंटिंग डिजायनिंग, केलेण्डरिंग की नयी इकाई का कार्य भी प्रारम्भ किया जाएगा। मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि सामान्य सुविधा केन्द्र विकसित एवं विकास के नये क्लस्टर बनाये जायेंगे। रेशम के कार्य में संलग्न सभी 200 दीदीयों को लखपति बनाया जाएगा।

# प्रतिबंध के बाद भी पकड़ी जा रही हैं मछलियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

15 जून से 15 अगस्त तक मछलियों का प्रजनन काल रहता है मंछलिया अंडे पर होती हैं जिसके चलते शासन ने इस दो माह की अवधि में मछली पकड़ने एवं बेचने पर प्रतिबंध लगाया है किंतु नगर में मछलियों का व्यापार खुलेआम चल रहा है दोपहर से रात तक व्यापारी खुलेआम मछलियां बेच रहे हैं।

प्रतिबंध के चलते मछली खाने वाले ग्राहकों से ये व्यापारी अधिक दाम वसूल रहे हैं नगर में मछलियों की आवक नर्मदा नदी के घाटों एवं आसपास की नदियों से होती है प्रमुख रूप से नर्मदा नदी के सांकला घाट रेवा बनखेड़ी घाट रामनगर पामली घाट एवं देनवा नदी से बड़ी खेप सोहागपुर सहित आसपास के क्षेत्र में सप्लाई होती है यहां मछुआरे सुबह से शाम तक जाल डाले रहतें हैं सुबह एवं शाम की दो शिफ्ट में व्यापारी इन घाटों से मंछलिया क्रय कर अन्य जगह भेजते हैं।

अनुमान के मुताबिक लगभग 4 से 5 क्विंटल मछलियों का परिवहन नगर के आसपास की नदियों से हो रहा है जिसकी खपत सोहागपुर सहित बनखेड़ी एवं गाडरवारा तक कि जा रही है खुलेआम बिकती मछलियों पर मत्स्य विभाग द्वारा कार्यवाही न करना कई प्रश्न खड़े करता है जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते प्रतिबंधित इन दो माहों की अवधि में मछली का कारोबार खूब फल फूल रहा है।

**कार्रवाई करेंगे**

प्रतिबंधित अवधि में मछलियों का व्यवसाय नहीं होना चाहिए, हम कार्रवाई करेंगे।

**कंचन सिंह, थाना प्रभारी**

# परिवार गया था मुहर्रम मनाने हरदा, चोरों ने उड़ाए जेवर और नकदी, पुलिस ने किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



नाला मोहल्ला क्षेत्र में हरदा शटर वालों के यहां चोरी हो गयी। घटना उस वक्त हुई जब सारा परिवार मुहर्रम मनाने हरदा गया हुआ था। वापसी में जानकारी मिलने पर रात 3 बजे पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया है। फरियादी को थाने बुलाया है, उसके आने पर ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि कितने की चोरी हुई है। वैसे पीड़ित ने दो लाख नगद और दो लाख के जेवर चोरी जाने का कहा है। मिली जानकारी के अनुसार नाला मोहल्ला क्षेत्र में हरदा शटर वाले शकील के यहां एक रात पहले 400000 लाख रुपए की चोरी हो गई है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि चोर नगदी 200000 एवं दो लाख के सोना चांदी के जेवर ले गये हैं। हरदा में शकील का परिवार मोहर्रम के लिए गया हुआ था। खिड़की तोड़कर चोर अंदर घुसे और चोरी की। रात्रि में पुलिस आई थी, जांच करके चली गई। टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने कहा कि अभी फरियादी को बुलाया है, उनसे जानकारी लेकर एफआईआर कराई जाएगी। वैसे पुलिस टीम चोरों की तलाश में जुट गयी है।

# गोग्रास के लिए नपा ने चलाया निर्माल्या वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निर्देशन पर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के नेतृत्व में स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी द्वारा निकाय की स्वास्थ्य विभाग शहर को साफ स्वच्छ बनाने हेतु लोगों की सुविधा अनुसार शहर में मंदिरों से निकलने वाले कचरे के लिए निर्माल्या के माध्यम से घाटों मंदिरों से निकलने वाले सामग्री फूल माला को पेट के माध्यम से जैविक खाद का निर्माण किया जाता है। घरों, होटल से एवं सब्जी मंडी से निकलने वाले खाद्य पदार्थ के लिए गो ग्रास वाहन के माध्यम से संग्रहण का कार्य किया जा रहा है जिसे प्राप्त होने वाले खाद्य पदार्थ को गौशाला में दिए जाता है जिससे पशु आहार के रूप में उपयोग किया जाता है। स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि कचरा संग्रहण गाड़ियों द्वारा वार्डों में घर-घर से गीला एवं सुखा कचरा लिया जा रहा है। नपा अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा सभी रहवासी व्यापारी बंधुओं से निवेदन है कि अपने घर दुकान से निकलने वाले कचरे को स्वच्छता वाहन में ही डालें।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास और अर्थदंड

**नर्मदापुरम।** विशेष न्यायालय पास्को एक्ट सुरेश कुमार चौबे ने सोहागपुर जिला नर्मदापुरम के न्यायालय में एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को पास्को एक्ट अधिनियम के तहत दोष सिद्ध होने पर 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। प्रकरण की जानकारी जिला अभियोजन अधिकारी नर्मदापुरम राजकुमार नेमा ने देते हुए बताया कि 27 अक्टूबर 2023 को दोषी ने नाबालिक से घर में परिजनों की उपस्थिति की जानकारी लेकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। मना करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की जानकारी पीड़िता ने अपने परिजनों को बताई। परिजनों ने थाना सोहागपुर पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विवेचना के पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां न्यायालय द्वारा अरोपी को दोष सिद्ध पाते हुए उक्त सजा से दण्डित किया। शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियेजन अधिकारी एवं विशेष लोक अभियोजक बाबूलाल काकोड़िया ने की।

# अस्पताल में बन रहे भवनों का कलेक्टर ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शुक्रवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने 150 बिस्तरीय मातृ स्वस्थ शिशु भवन एवं 50 विस्तरीय सीसीबी भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी आर्ची कंस्ट्रक्शन भोपाल को गुणवत्तापूर्ण कार्य एवं समय सीमा में सभी कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन भवन के मानचित्र पर विस्तृत चर्चा की गई एवं गुणवत्ता की जांच किस लैब से की जा रही है, के संबंध में सभी विस्तृत चर्चा की गई। जिले में बन रहे अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण के संबंध में भी कलेक्टर द्वारा जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार, कार्यपालन यंत्री एस के बसंत, मयूरी जैन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### समेरिटंस के पूर्व छात्र अमित के एसी को अमेरिका पेटेंट मिला

# ब्लोअर को अपडेट कर बिजली की खपत को किया कम, लागत में भी आई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



समेरिटंस के एक पूर्व छात्र ने अमेरिका के विशाल और ऊंचे भवनों में उपयोग के लिए एक ऐसा एसी उत्पाद तैयार किया है, जो न केवल बिजली की खपत को कम करता है बल्कि वर्तमान में बाजार में मौजूद एसी से उसकी लागत भी बहुत कम है। उसके इस उत्पाद को यूएसए की सरकार ने हाल ही में पेटेंट अवार्ड भी जारी कर दिया है। उसके इस उत्पाद का व्यावसायिक उत्पादन भी प्रारंभ हो चुका है। और उसकी बिक्री भी भारी मात्रा में हो रही है। इस संबंध में समेरिटंस ग्रुप आफ स्कूल्स के डॉ आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि अमित परसाई ने स्कूल ने वर्ष 2005 में कक्षा 12वीं में वर्ष टॉप किया था। बाद में उसने मेनिट और फिर आईआईटी मुंबई ने इंजीनियरिंग की डिग्री की। वर्तमान में वह यूएसए की एक कंपनी में चैन्नई में कार्यरत है।

उसने अमेरिका की हाईराइज बिल्डिंग में उपयोग किए जाने वाले एसी उत्पाद के ब्लोअर को कुछ इस तरह डिजाइन किया कि इससे बिजली की खपत लगभग आधी हो गई। इस उत्पाद को उसने एसी रूफ टॉप यूनिट नाम दिया है। इसकी मार्केट कीमत करीब 20 हजार डॉलर है। अमेरिका में वर्तमान में इस तरह के अन्य उत्पादों की कीमत इससे 10 से 20 प्रतिशत तक अधिक है। अमित परसाई ने दूरभाष पर बताया कि इस उत्पाद से बिजली की भारी बचत होती है। इसीलिए से बहुत पसंद किया जा रहा है। अभी तक इसकी 30 हजार से अधिक यूनिट कंपनी द्वारा बेची जा चुकी है। मार्केट में उपयोग और हमारे दावों के परीक्षण के बाद सरकार द्वारा हमें पेटेंट भी जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी टीम वर्तमान में तीन से चार प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। शीघ्र ही कुछ और उत्पाद बाजार में आ सकते हैं। अमित की इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर डॉ आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, विक्रांत खम्परिया, आरके रघुवंशी सहित समेरिटंस परिवार ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नव नियुक्त पटवारियों ने संभाला राजस्व का कार्य

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल के पत्र में दिए गये निर्देशानुसार राजस्व महाअभियान 2.0 दिनांक 18/07/2024 से प्रारंभ हो गई है जिसके अंतर्गत प्रत्येक तहसील में कार्ययोजना तैयार कराई गई है। जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार द्वारा प्रकरणों का चिन्हाकन कर आदेश पारित किए जा रहे है। कई पटवारियो के अनाधीकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण नवीन नव नियुक्त अथवा परीविक्षाधीन पटवारियो को प्रशिक्षित कर ग्राम में जाकर बी-1 वाचन किया जा रहा है। बी-1 वाचन के दौरान प्राप्त होने वाले फौती, नाबालगी एवं अविवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन के प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के माध्यम से समग्र ई-केवायसी खसरा लिंकिंग कार्य किया जा रहा है।

# विप्र महिला मंडल ने बच्चों को वितरित की लेखन सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कान्यकुब्ज महिला मंडल द्वारा बी.टी.आई शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों को लेखन पुस्तिका और लेखन सामग्री का वितरण किया गया। सभी सदस्यों के सहयोग से यह कार्यक्रम सुचारु रूप से पूर्ण हुआ। कार्यक्रम को मूर्त रूप देने में मीना अवस्थी, रश्मि दीक्षित, सरला मिश्रा ,बानी मिश्रा, अनुजा मिश्रा, रेखा मिश्रा, संध्या अवस्थी ,पुनीता पांडे ,माला पांडे, मोना पांडे, प्राची शुक्ला ,रेखा शुक्ला , नमिता शुक्ला, प्रीति दीक्षित, अराधना शुक्ला,कीर्ति तिवारी, निवेदिता दीक्षित ,ज्योति दीक्षित, गिरजा शुक्ला, रेखा अवस्थी, पूर्णिमा तिवारी ने सहयोग दिया।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री और विधायक का तुलादान आज

**बैतूल।** मां माचना जन्मोत्सव समिति द्वारा शनिवार को सुबह 11 बजे क्रीड़ा परिसर अर्जुन वार्ड, दुर्गा वार्ड में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके और विधायक हेमंत खंडेलवाल का तुलादान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके और विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल शिरकत करेंगे। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, और नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर की उपस्थिति भी होगी। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण तुलादान का आयोजन होगा, जो मां माचना जन्मोत्सव समिति द्वारा किया जाएगा। इसके बाद भोजन प्रसादी का आयोजन भी होगा। इस मौके पर एक पौधरोपण कार्यक्रम भी रखा गया है, जिसमें एक पेड़ मां के नाम का लगाया जाएगा। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है। समिति के संयोजक आनंद प्रजापति ने इस कार्यक्रम की जानकारी दी और समस्त देवतुल्य कार्यकर्ताओं एवं आमजन से उपस्थिति की अपील की है।

### बेटे की हत्या करने वाले पिता का शव मिला

**बैतूल।** जिले के गाँव सावंगा में पिछले दिनों माँ से मिलने एवं खाना मांगने पर अपने चार वर्षीय बेटे की सड़क पर पटक-पटककर हत्या करने वाले पिता दुर्गेश का शव गांव के ही किसान के खेत के कुएं में मिला। कोतवाली पुलिस के अनुसार ग्राम सावंगा में किसान सागर राठौर के खेत के कुए में गुरुवार को दोपहर में अज्ञात शव पड़ा नजर आया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। मृतक की शिनाख्त गांव के दुर्गेश उर्फ मंगल के रूप में की गई। मृतक ने बीते 16 जुलाई की रात्रि में अपने चार वर्षीय बेटे कार्तिक की सड़क पर पटककर हत्या कर दी थी और भाग गया था।

### मलेरिया ऑफ-200 का शुभारंभ

**बैतूल।** आयुक्त संचालनालय आयुष मप्र के निर्देशानुसार और डॉ. योगेश चौकीकर, जिला आयुष अधिकारी बैतूल के मार्गदर्शन में मलेरिया प्रभावित ब्लॉक शाहपुर और प्रभातपट्टन में मलेरिया रोग नियंत्रण अभियान 2024 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयुष विभाग ने घर-घर जाकर मलेरिया ऑफ-200 की पहली खुराक खिलाई। मलेरिया ऑफ 200 के नोडल ऑफिसर ने बताया कि शाहपुर में नगर परिषद उपाध्यक्ष पम्पी राठौर और प्रभातपट्टन में ग्राम अम्भोरी की उपसरपंच सुशीला राजकुमार साने ने इस अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान होम्योपैथी रोग प्रतिरोधक औषधि मलेरिया ऑफ-200की पहली खुराक खिलाई गई। 18 जुलाई से 3 सप्ताह तक और फिर 22 अगस्त से पुनः 3 सप्ताह तक यह दवा वितरित की जाएगी।

### 20 ट्रेनों में जनरल स्लीपर कोच बढ़ाए

**सीहोर।** रतलाम मंडल रेलवे ने क्षेत्र में चलने वाली सवारी गाड़ियों में अब सामान्य यात्रियों की भी सुध ली है। अब तक स्लीपर कोच कम करके जहां एसी कोच बढ़ाए जा रहे थे, वहीं अब रेलवे ने मंडल की 20 से ज्यादा ट्रेनों में जनरल के दो अतिरिक्त कोच लगाए हैं। यहीं नहीं कुछ ट्रेनों में स्लीपर कोच भी बढ़ाए जाएंगे। इंदौर-नागपुर, इंदौर हावड़ा सहित 20 ट्रेनों में 2 जनरल कोच लगाए जाएंगे। वहीं इंदौर-जबलपुर सहित अन्य ट्रेनों में नवंबर महीने से 2 से 3 स्लीपर कोच भी बढ़ाए हैं।

### पानी होने पर पार न करें पुल-पुलिया

**सीहोर।** जिला प्रशासन ने बारिश के दौरान नागरिकों से अपील की है कि नदी, नाले, पुल, पुलिया, रपटा पर जलभराव की स्थिति में वहां से गुजरने वाले रास्तों को बाढ़ एवं पानी होने की स्थिति में पार न करें। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी तालाबों, डेम, नदी, नालों और जल भराव वाले क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखें।

---

### 190 गांव का एक ही सबस्टेशन होनेस से हो रही है परेशानी

# छह माह में अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज से मिल जाएगी मुक्तिः मंत्री उईके

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारनी



घोड़ाडोगरी के रानीपुर मोड पर एक सब स्टेशन होने की वजह से 190 गांव में बिजली आपूर्ति करने की जवाबदारी इस सब स्टेशन की थी जिसकी वजह से लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती का शिकार ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को होना पड़ता था लेकिन अब किसानों को अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगा यह उद्गार केंद्र राज्यमंत्री एवं बैतूल हरदा हरसूद के सांसद दुर्गादास उइके ने सब स्टेशन के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्ति किया है,उन्होंने कहा कि चार करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से पुनोत्थान वितरण क्षेत्र सुधार योजना (आरडीएसएस) 0.5 हेक्टेयर क्षेत्र में इस सबस्टेशन का निर्माण कार्य किया जाएगा और इस सबस्टेशन का निर्माण कार्य 6 माह के भीतर पूर्ण हो जाने के बाद लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को निजात मिलेगी।

सभी तरह की आपत्ति पूर्ण कर ली गई केंद्र राज्य मंत्री ने बताया कि सब स्टेशन का निर्माण कार्य किया जाएगा इसको लेकर सभी तरह की आपत्ति पूर्ण कर ली गई है। 0.5 हेक्टेयर भूमि हल्का पटवारी के माध्यम से नापी करके बिजली विभाग को स्वीकृत का कार्य किया गया है। सब स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद जुवाडी, कोयलारी, महकर, रतनपुर, रानीपुर, चारगांव, आमदन, कमालपुर, अंकावडी, खोखरा, रैयतवाड़ी,सियारी सहित दर्जन भर गांव के किसानों को आने वाले रवि के सीजन में भरपूर मात्रा में बिजली मिलेगी। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद सांसद दुर्गादास उईके ने सबसे पहले हॉस्टलों मैं सीट बढ़ाने का कार्य किया जाएगा और जो बारिश के समय गांव कट जाते थे सारे गांव को मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा और 3:30 करोड रुपए की लागत से जामुनडाना की पुलिया सहित नव पुलियाओं का निर्माण कार्य किया जाएगा जिला लेवल पर संस्कृति कार्यालय खोले जाएंगे।

#### ग्रामीणों को समस्या से जल्द मिलेगा छुटकारा

घोड़ाडोगरी विधानसभा क्षेत्र की विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने कहा कि बारिश के दिनों तक किसानों को थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा सब स्टेशन 6 माह में बनकर कंप्लीट हो जाएगा फिर भी हम पूरा प्रयास कर रहे हैं कि ग्रामीणों को भरपूर बिजली मिले सके काफी दिनों से बिजली कटौती सहित लो वोल्टेज की ग्रामीण क्षेत्र से समस्याएं मेरे तक पहुंच रही थी जिसको की ध्यान में रखते हुए रतनपुर में सब स्टेशन की स्वीकृति बिजली विभाग को दिलाई गई है। शुक्रवार को इसका भूमि पूजन भी हो गया है शीघ्र ही ग्रामीणों को बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज से निजात मिल सकेगी। कार्यक्रम के पूर्व विद्युत उपकेंद्र रतनपुर का भूमि पूजन केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद दुर्गादास उईके,क्षेत्रीय विधायक गंगा उईके द्वारा शुक्रवार को किया गया कार्यक्रम में आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे,जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे,पूर्व संसदीय सचिव रामजीलाल गुरुजी, दीपक उईके, मंडल अध्यक्ष राजेश,महतो विधायक प्रतिनिधि जगन्नाथ यादव, इंदल यादव, सिद्धार्थ विहारे रहे। मंडल अध्यक्ष राजेश महतो, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र मालवीय,जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, सिद्धार्थ विहारे, आभाष मिश्रा, विनय कुमार महतो, उमेश मिश्रा, रामजीलाल उईके, नारायण मालवीय, दीपक उईके, विजय लाल धुर्वे, सुखमणि भिक्का सिंह धुर्वे आदि मौजदू थे।

---

### करोड़ों खर्च फिर भी गंदगी

# शहर में साफ-सफाई ठीक नहीं कांग्रेसी करेंगे विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारनी

शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ जाने की वजह से शहर की साफ सफाई दुरुस्त किए जाने की मांग कांग्रेस के पदाधिकारी के माध्यम से की जा रही है।कांग्रेस के ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष विवेकानंद उर्फ विक्की सिंह के माध्यम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम लिखित आवेदन देकर संपूर्ण नगर पालिका क्षेत्र सारनी के 36 वार्डों की साफ सफाई की जाने की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

अध्यक्ष विक्की सिह ने बताया कि संपूर्ण शहर में साफ सफाई के लिए नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से कर्मचारी नियुक्त किए गए उसके बाद ठेके प्रथा से भी ट्रैक्टरों के जरिए कॉलोनी और शहरों का कचरा उठाने का कार्य किया जाता है। टेंडर होने के बाद से संपूर्ण शहर की साफ सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है। नगर पालिका के कर्मचारी सफाई करने के अलावा ठेके के कार्य से कचरा उठाने का कार्य संबंधित ठेकेदार के माध्यम से नहीं किया जा रहा है। जबकि नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से कॉलोनी की साफ सफाई और ट्रैक्टर के जरिए कचरा उठाने के कार्य पर प्रतिवर्ष एक करोड रुपए से अधिक का खर्च करते हैं। साफ सफाई को लेकर कांग्रेस के पदाधिकारी के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी की जा रही है।

#### कई कॉलोनी हुई वीरान बड़ी मात्रा में कचरा

नगर पालिका परिषद सारनी के 36 वार्ड में किसी समय मतदाताओं की संख्या एक लाख 12 हजार से अधिक हुआ करती थी जो घटकर 34 से 38 हजार के बीच हो गई है। विद्युत नगरी सारनी और कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा की कई कॉलोनी यहा तो ऐसी है जो वीरान हो गई है उसके बाद भी एक लाख से अधिक के मतदाताओं के समय जितना कचरा नहीं निकलता था उससे ज्यादा कचरा वर्तमान समय में निकल रहा है। साफ सफाई का कार्य की निविदा की पारदर्शिता नहीं बरती गई है।

#### इनका कहना है

*शनिवार से सारनी, पाथाखेड़ा, शोभापुर,बगडोना के लिए अलग-अलग सेक्टर के तहत सफाई अभियान और कचरा उठाने के आदेश स्वास्थ्य निरीक्षक को दिए जाएंगे यदि चौक चौराहा या सार्वजनिक स्थान पर कचरा पाया जाता है तो दरोगा और कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।*

**किशोर बरदे**
नगर पालिका अध्यक्ष सारनी

---

### फ्लाई ऐश ईंट का उपयोग अनिवार्य

# प्रतिबंध के बाद भी आंगनबाड़ी निर्माण में लाल ईंट का उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ आमला

जनपद कि ग्राम पंचायतों में अपनी मनमर्जी का खेल खेल बेधकड़ चल रहा हैं। ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण में नियम कायदे को दरकिनार कर कार्य किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत ससाबड़ के ग्राम मोरनढाना में खनिज मद से 9 लाख से ज्यादा की लागत से बन रहे आंगनबाड़ी भवन निर्माण में लाल ईंट का उपयोग किया जा रहा हैं। शासन के द्वारा निर्देश है कि शासकीय निर्माण कार्य मे फ्लाई ऐश ईंट का उपयोग करना अनिवार्य है लेकिन आमला जनपद पंचायत में इन नियमों का पालन होते दिखाई नहीं देता है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट एवं एनजीटी ने होने वाले निर्माण कार्यो में लाल ईंट के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। जिसका कढ़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए हैं।

#### फ्लाई ऐश निर्माता हासिए पर

सरकार द्वारा पावर प्लान्ट से निकलने वाली फ्लाई ऐश ईंट बनाने वालों को निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। जो व्यक्ति ईंट का प्लांट लगाता है उसे काम करने के लिए बकायदा लोन भी दिया जाता है। जिससे आसानी से सभी जगह फ्लाई ऐश ईंट का प्लांट लगाकर अपनी जीविका भी चला सके और आसानी से फ्लाई ऐश ईंट उपलब्ध हो सके। लाल ईंट का उपयोग हो रहा है।

#### इनका कहना

*लाल ईंट का उपयोग क्यो हो रहा है पता करता हूं।*
*विवेक तुमराम*
*एई जनपद पंचायत आमला*

---

### पीड़ितों ने की कलेक्टर-एसपी से शिकायत

# पुनर्वास एरिया में पट्टे धारियों के साथ सरकारी जमीन पर किया अवैध कब्जा

**बैतूल ।** बैतूल के पुनर्वास क्षेत्र में कुछ लोग अपने समाज के साथियों के नाम जारी पट्टे की जमीन पर दबंगाई करते हुए कब्जा जमा लिया है और उस पर मकान दुकान भी बनाना शुरू कर दिया है। इस आशय को लेकर पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को कलेक्टर, एसपी, एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। बैतूल के सोनाघाटी पुनर्वास केंद्र के पीड़ित परिवारों का नेतृत्व कर रही संगीता सोलंकी द्वारा ज्ञापन में कलेक्टर एसपी को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। पुनर्वास योजना के तहत आवंटित पट्टे की भूमि पर जिन लोगों के नाम पट्टे आवंटित की गई है उन्हें ही पट्टे की भूमि पर बसने दिया जाए।



#### इनका कहना

*गैर कानूनी तरीके से कोई किसी अन्य पट्टाधारी के जमीन पर अतिक्रमण नहीं कर सकता। और ना ही कोई शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा कर सकता । इस संदर्भ में जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।*
***नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी**, कलेक्टर , बैतूल*

#### जमीन पर कब्जा देते मारने की धमकियां

*चोपना थाना क्षेत्र से के ग्राम बर्रीढ़ाना के सुरेश यादव की पट्टेवाली जमीन पर गांव के ही अवैध गतिविधियों में लिप्त अपराधियों ने कब्जा कर लिया है और उन्हें जमीन पर पैर रखने पर जान से मारने की धमकी भी देते रहते है। पीड़ित सुरेश यादव ने बताया कि गांव में उनकी जमीन है, जिसका पट्टा उन्ही के नाम है। उस पर दबंग बब्बू यादव, दिनेश यादव, सुनील यादव और सुनील यादव द्वारा जबदस्ती कब्जा कर लिया गया है। एसपी से शिकायत की तो उन्होंने चोपना थाना प्रभारी को मामले में एफआईआर के निर्देश दिए है।*

---

### पुलिस को बताई घटना

# अस्पताल में पार्किंग कर्मचारियों ने मरीज के परिजनों को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

जिला अस्पताल परिसर में पार्किंग में वाहनों के किराए को लेकर ठेकेदार के कुछ कर्मचारियों व मरीज के स्वजनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते इनके बीच झूमाझटकी होने लगी और हाथापाई की गई।

इस दौरान पार्किंग कर्मचारियों ने मरीज के स्वजनों की पिटाई कर दी। उनके कपड़े भी फाड़ दिए और मरीज के परिजन को गले पर और हाथ पैर में चोट के निशान और गुप्तांग पर भी लात मारी, जिसके बाद मरीज के परिजन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़तिों की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है। लेकिन पुलिसकर्मी मामूली पूछताछ कर लौट गए। आरोपितों के खिलाफ उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। बता



दें कि पीड़ति अपनी गर्भवती पत्नी को भर्ती करने आया था। इस दौरान पार्किंग के किराए को लेकर ठेकेदार के कर्मचारियों से उनका विवाद हो गया। पीड़ति ने 20 रुपए वाला रसीद कटाई थी लेकिन ज्यादा समय होने से 20 रुपए और मांगने लगा जिससे पीड़ति ने रसीद मांगी तो न दे ने पर विवाद हो गया। करीब आधे घंटे तक इनके बीच गाली-गलौज व झूमाझटकी होती रही। लेकिन घटनास्थल से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित चौकी में पदस्थ पुलिसकर्मियों को इसकी भनक नहीं लगी।

---

### माता पिता की हत्या होने से अनाथ हो गई तीन बेटियां

# विधायक ने ली पांच बेसहारा बेटियों की शिक्षा की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल नें पांच बेसहारा बेटियों की शिक्षा की जिम्मेदारी लेकर उन्हें उज्जवल भविष्य की राह दिखाई है। बैतूल विधानसभा के सेलगांव ग्राम में मामूली विवाद के चलते संतोष उइके एवं उनकी पत्नी चंपा उइके की हत्या कर दी थी। जिससे उनकी तीन बेटियाँ अनाथ हो गई थी।



इधर टेमनी ग्राम में पंजाबराव लोखंडे का बीमारी से निधन होने के चलते उनकी दोनों बेटियां बेसहारा हो गई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण विधायक ने पांचो बेसहारा अनाथ बेटियों की आगे की शिक्षा की जिम्मेदारी ली। गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान बैतूल विधायक नें सेलगांव एवं टेमनी में पीडितों के निवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी एवं दोनों परिवार की पांचो बेटियों की आगे की पढ़ाई की जिम्मेदारी लेकर परिजनों को आश्वस्त किया कि बेटियों की पढ़ाई पर खर्च होने वाली राशि उनके द्वारा वहन की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि सेलगांव ग्राम में विवाद के चलते संतोष उइके एवं उनकी पत्नी चंपा उइके की हत्या कर दी गई थी। गुरुवार को विधायक नें पीडितों के निवास पर पहुचकर घटना में घायल परिजनों के स्वास्थ की जानकारी ली। पीडितो ने बताया कि संतोष एवं चंपा की हत्या हो जाने से पूरा परिवार दहशत में है तथा उनकी तीन मासूम बेटियाँ अनाथ हो गई है। बेटियों के चाचा सुभाष उइके ने बताया कि दहशत के कारण वह बेटियों को अपने साथ सारणी ले जायेगें। पीड़ति नें बताया कि परिवार में कमाने वाले संतोष की हत्या होनें से आर्थिक सकंट की स्थिती है एसे में बच्चियों को पढ़ाना भी मुश्किल है। विधायक नें परिजनों को आश्वस्त किया कि वे तीनों बेटियों की आगे की पढ़ाई की जिम्मेदारी उठायेगें। विधायक ने तीनों बेटियों प्रार्थना, याचिका और यशस्वी से कहा कि बगैर किसी भय, चिंता के मेहनत से पढ़ाई करें, पढ़ाई पर खर्च की जिम्मेदारी मेरी रहेगी।

---

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर बस संचालक पर दो हजार का जुर्माना

### ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनाने पुलिस कर रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

बस संचालकों द्वारा जगह-जगह बस खड़ी करके सवारी लेने पर जहां ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है वहीं दुर्घटना का भय भी बना रहता है। गौरतलब है कि शहर में सुचारू रूप से ट्रैफिक के संचालन के लिए पिछले दिनों विधायक हेमंत खंडेलवाल की अध्यक्षता में यातायात समिति की बैठक हुई थी, जिसमें विधायक ने अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिए थे कि शहर में बसों को निर्धारित स्थान पर ही खड़ी की जाए, जगह-जगह बस खड़ी करके सवारी लेने वाले बस संचालकों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए थे। इसी तारतम्य में आज एक बस संचालक पर यातायात पुलिस ने दो हजार का जुर्माना किया । यातायात पुलिस थाना प्रभारी गजेंद्र कैन ने बताया कि बस स्टैंड तथा अन्य बस स्टापेज के बाहर रोड पर बस खड़ी करके



सवारी चढ़ाने-उतारने पर यातायात पुलिस द्वारा लगातार हिदायत देने के बावजूद भी कुछ बस संचालकों द्वारा हिदायत की अवहेलना की जा रही है। उल्लंघन करने पर बस मालिक पर 2000 रूपए का जुर्माना किया गया है। यदि दोबारा उल्लंघन किया जाता है तो परमिट की शर्तों के उल्लंघन पर 10000 रुपए का जुर्माना एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के माध्यम से परमिट निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

---

### कलेक्ट्रेट में किया पौधरोपण

# आयुक्त नर्मदापुरम ने किसानों को बांटे ट्रैक्टर रोटावेटर के पत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

उद्यानिकी विभाग बैतूल में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के घटक बागवानी यंत्रीकरण के तहत ट्रेक्टर सह रोटावेटर में कृषक दिनेश सिंह चौहान, ग्राम खरपडाखेड़ी विकासखण्ड आमला को आशय पत्र मय अनुदान मय ट्रेक्टर कृष्ण गोपाल तिवारी, आयुक्त, नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम, नरेन्द्र कुमार सूर्यवंषी, कलेक्टर एवं अक्षत जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजीव कहार, अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों, जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक में उपस्थिति के दौरान प्रदान किया गया। इसके अलावा कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ माँ के नामअभियान अंतर्गत बैतूल जिले की प्रचलित आम किस्म गाजरिया एवं लक्ष्मीतरू पौधे का रोपण करते हुये वायुदूत एप में फोटो अपलोड कराई। आरके कोरी, उप संचालक उद्यान बैतूल द्वारा उद्यानिकी फसलों में यंत्रीकरण के बढ़ रहे जानकारी दी गई।

---

### आज सुबह दादाजी की कुटी में चढ़ाएं जाएंगे निशान

# 13 क्विंटल का टिक्कड़, सवा क्विंटल की बनेगी चटनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

गुरु पूर्णिमा का पर्व पूरे जिलेभर में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। आने वाले गुरु पूर्णिमा को लेकर अभी से तैयारियां शुरू हो चुकी है। शहर के खंजनपुर स्थित प्रसिद्ध दादाजी की कुटी में गुरु पूर्णिमा के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। दादाजी की कुटी में पूजा-अर्चना के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। इस वर्ष गुरूपूर्णिमा का पर्व 21 जुलाई को मनाया जाएगा। 20 जुलाई को सुबह के समय दादाजी की कुटी में निशान चढ़ाएं जाएंगे।

यहां बैतूलबाजार और टिकारी से निशान लेकर आते है। दादाजी की कुटी समिति द्वारा गुरूपूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में पहुंचने को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। दादाजी की कुटी में 24 घंटे




धुनी जलती रहती है और यहां कई वर्षों से धुनी जलते आ रही है। दादाजी की कुटी में गुरूपूर्णिमा के अवसर पर प्रसादी के रूप में टिक्कड़, चटनी, हलवा, पुड़ी और सब्जी का वितरण किया जाएगा। यहां की टिक्कड़ चटनी की प्रसादी श्रद्धालुओं को खूब पसंद आती है। प्रतिवर्ष दादाजी की कुटी समिति द्वारा प्रसादी के रूप में टिक्कड़, चटनी बनाई जाती है। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रवीण पम्मू भावसार ने बताया कि इस वर्ष गुरूपूर्णिमा के अवसर पर दादाजी की कुटी में 13 क्विंटल का टिक्कड़, सवा क्विंटल की चटनी, 6 क्विंटल की पुड़ी, 10 क्विंटल की सब्जी और 2 क्विंटल का हलवा बनाया जाएगा।

### गजानन महाराज की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ

**बैतूल।** समर्थ श्री गजानन सेवा मंडल कालापाठा द्वारा श्री गजानन महाराज की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ हो गया है। अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा और केबी पंडग्रे ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा पुरुषोत्तम



मधुकर महाराज के सानिध्य में की जाएगी। सियाराम मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम आज शुक्रवार से प्रारंभ होकर रविवार तक चलेगा जिसका शुभारंभ कलश यात्रा से किया गया। समिति से सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### कुछ शिक्षक स्कूलों में कभी-कभी ही नजर आते हैं तो कुछ हमेशा रहते नदारद

# अच्छी शिक्षा के लिए सरकार के प्रयास जारी, शिक्षक कर रहे कर्तव्य से परहेज

एक ओर जहां सकार द्वारा शिक्षा को विकसित करने के लिए विभिन्न योजनाओं और संसाधनों का संचालन कर रही है वहीं विद्यालयों में पदस्थ अधिकांश शिक्षक अपने कर्तव्य का निर्वहन बखूबी नहीं निभा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मध्य प्रदेश सरकार सतत प्रयासरत है कि। शासकीय स्कूलों में शिक्षा के स्तर में सुधार हो खातिर इसके वह सीएम राइज जैसी योजना प्रारंभ कर छात्रों के उज्जवल भविष्य के निर्माण की मजबूत नींव रख रही है तो वहीं सरकार के शासकीय शिक्षक अपने पुराने ढर्रे पर चल रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में शिक्षको की उपस्थिति का रवैया वही पुराना वाला है कि जाना है जाना है नही जाना है तो कौन सी अपनी वेतन कम होने वाली है।




शासकीय स्कूलों में शिक्षको की अनुपस्थिति का जायजा लेने गुरुवार को पहुंचे हरिभूमि संवाददाता सोहागपुर को कुछ स्कूलों में शिक्षक मोबाइल में बात करते मिले तो कुछ शिक्षक अपनी ड्यूटी में बकायदा छात्रों को अध्यापन करवाते मिले लेकिन रेवा बनखेड़ी में जाकर देखा तो एक शिक्षक आशा साहू नदारद मिली। छात्राओं ने बताया कि आशा साहू मैडम तो कभी कभार ही आती हैं तो वहीं एक अन्य शिक्षक अपने काम में तल्लीन दिखी और कुछ छात्राएं बिना यूनिफॉर्म के भंडारे में कन्या भोज कर रही थी। शिक्षिका आशा साहू के बारे में पहले भी खबरे प्रकाशित की जा चुकी है लेकिन उनको इससे कोई लेना देना नही है कि कौन क्या लिखता है ? मैडम के बारे में सुना है कि वो इतनी सक्षम समझती है कि उच्चाधिकारियों की उन्हे कोई परवाह नही है हालाकि यह सरकार की मंशा और छात्रों के भविष्य के साथ पूर्णतः खिलवाड़ है जिसकी खबर प्रशानिक अधिकारियो को लेनी चाहिए पर पता नही क्यों विभाग उनके विरुद्ध कार्यवाही करने से कतराता हैं। चांदी खेड़ी प्राथमिक विद्यालय में दो शिक्षक उपस्थित मिले और बकायदा वह पढ़ाते हुए मिले। तो वहीं उनके छात्रों द्वारा भी बताया गया कि हमारे मासाब प्रतिदिन आते हैं और हमे पढ़ाते हैं। बीआरसी राकेश रघुवंशी से बात करने पर उन्होंने बताया कि वह उक्त विद्यालय में आकस्मिक निरीक्षण कर वस्तु स्थिति से अवगत होंगे।

## व्यवस्थाओं की कमियों को एक सप्ताह में दूर करने के दिए गए निर्देश

### बीआरसीसी ने किया कोटलाखेड़ी स्कूल का निरीक्षण



**सिवनी मालवा।** जनपद शिक्षा केंद्र के अधीन आने वाले स्कूलों का गुरूवार को बीआरसीसी संगीता यादव ने आकस्मिक निरीक्षण किया। जहां कई स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। कोटलाखेड़ी की शास माध्यमिक शाला में पहुंचकर बीआरसीसी ने सभी उपस्थित शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। बीआरसी ने स्कूल में पेयजल व्यवस्था, शौचालय व विद्यालय परिसर की सफाई, रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल करने और मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन का संचालन करने सहित पूरे समय तक विद्यालय खुला रखने के निर्देश बैठक में दिए। गौरतलब है कि मीडिया में स्कूल की कमियों की खबर सामने आने के बाद से शिक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। जिसके अंतर्गत विकास खंड शिक्षा अधिकारी व बीआरसीसी ने स्कूल में व्यवस्थाओं की स्थिति की जांच कर रहे है। साथ ही सभी स्कूल प्रबंधन को समय से स्कूल खोलने और समय आने जाने के निर्देश भी दिए जा चुके है। बीआरसी ने मिड-डे मील का खाना भी जांचा, विद्यार्थियों से प्रश्न भी पूछे। बीआरसीसी संगीता यादव ने कक्षाओं का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से सवाल पूछे। इतना ही नहीं बच्चों से बोर्ड पर लिखवाकर भी देखा। इसके बाद बच्चों के दिए गए जवाब को लेकर संतुष्टि भी जाहिर की। इसके बाद उन्होनें मिड-डे मील का खाना भी जांचा। भोजन की क्वालिटी को लेकर स्वसहायता समूह को दिशा निर्देश भी दिए, उन्हे निर्देशित किया गया कि भोजन उच्च गुणवत्ता युक्त होना चाहिए साथ ही जो मेनू है उसके हिसाब से ही प्रतिदिन भोजन स्कूल के छात्र छात्राओं को मिलना चाहिए। बीआरसीसी संगीता यादव ने निरीक्षण के दौरान देखा कि मिड-डे मील का खाना बनाने के कमरे की स्थिति को लेकर उसमें सुधार के लिए भी निर्देशित किया। इसके साथ ही बीआरसीसी शासकीय माध्यमिक विद्यालय कोटलाखेड़ी की व्यवस्थाओ में भी सुधार करने के निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि जो भी कमियां है उनमें एक सप्ताह में सुधार किया जाए। सुधार ना होने की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में बीआरसी संगीता यादव का कहना है कि स्कूल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा गया, जो कमियां है उनमें एक सप्ताह के भीतर सुधार के लिए निर्देशित किया गया है।। साथ ही स्कूल में संसाधन की जो कमी है उसे शिक्षा विभाग को लिखकर जल्द दुरुस्त किया जाएगा।

## नपा के किसी इंजीनियर के पास नहीं जलभराव रोकने का हल, धान के रोपे लगाकर विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पिछले कई वर्षों से वर्षाकाल में शहर की सड़कों और गलियों में जलभराव की समस्या का निदान नगर पालिका के किसी इंजीनियर के पास नहीं है। जरा सी बारिश में शहर के अनेक सड़कें और गलियां तालाब की मानिंद हो जाती हैं, जबकि हर मानसून पूर्व नाले-नालियों की सफाई में नगर पालिका लाखों रुपए का खर्च करती है, ये पैसा भी इसी पानी में बह जाता है और समस्या का निदान भी नहीं हो पाता।

ऐसी ही जलभराव की समस्या से परेशान वार्ड 4 के लोगों ने आज अपने वार्ड के गड्ढों में भरे पानी में धान के पौधे रोपकर नगर पालिका का प्रतीकात्मक विरोध किया। उन्होंने साथ में भाजपा का झंडा भी लगाया। पुरानी इटारसी स्थित वार्ड 4 में वार्डवासी बहुत दिनों से जलभराव से परेशान हैं। मल्हार देव बाबा के सामने बारिश के मौसम में पानी भरा ही रहता है, जिस पर प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है।

आज मल्हारदेव मंदिर समिति ने कांग्रेसियों के साथ मिलकर धान के पौधे रोपकार एवं भाजपा का झंडा कीचड़ में गाड़कर विरोध दर्ज कराया एवं प्रशासन को जगाने का प्रयास किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गौरव चौधरी, गोल्डी बैस, प्रतीक मालवीय, सौम्य दुबे, मयंक चौरे, बंटी मेहतो, शुभम कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## वार्ड 14 नए बस स्टैंडनाले पर हो रहा निर्माण कार्य, पार्षद ने की शिकायत बोले बारिश में वार्ड में भार जाएगा पानी



**सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा के वार्ड क्रमांक 14 नए बस स्टैंड नाले पर दुकान सहित नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण कार्य को तोड़ने को लेकर पार्षद दीपक बाथव ने कलेक्टर के नाम एक आवेदन एसडीएम सरोज सिंह परिहार को सौंपा। पार्षद ने बताया की बस स्टैंड पर जो दुकानों का नाले पर निर्माण किया जा रहा है उससे बारिश में वार्ड क्रमांक 14 गोटियापुरा में जलभराव की स्थिति निर्मित हो जायेगी। अतः उक्त निर्माण की जांच कर उसे तत्काल तोड़ा जाए जिससे की जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हो। पार्षद ने सौंपे आवेदन में बताया की सिवनी मालवा नगर पालिका क्षेत्र में कई स्थानों पर अवैध निर्माण कार्य हो रहे है, जिनमें से कुछ स्थान पर हो रहे अवैध निर्माण के कारण शहर में जलभराव की स्थिति निर्मित हो सकती हैं। जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. साथ ही जनहानि की भी आशंका बनी हुई है। वही सिवनी मालवा के नए बस स्टैंड के पास स्थित जलनिकासी के नाले पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कर काम्प्लेक्स का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें नाले का रास्ता भी रोक दिया गया है। इस संबंध में पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर नीरज सिंह द्वारा तत्कालीन एसडीएम व नपा सीएमओ को निर्देशित कर निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई थी। ऐसे ही कई स्थानों पर अवैध निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिसकी जांच एसडीएम की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति बनाकर कठोर कार्रवाई की जाए। जिससे अवैध निर्माण से आमजन को होने वाली परेशानी से बचा जा सके।

## मुस्लिम समाज ने मोहर्रम पर बनाए आकर्षक ताजिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



यहां मोहर्रम माह की दस तारीख को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन सहित उनके 72 साथियों को इराक के एक शहर कर्बला में इसी माह यानि मोहर्रम में शहीद किया गया था। जिनकी याद में ही दुनियाभर में बसने वाले मुस्लिम समाज द्वारा मुहर्रम त्यौहार के रूप में मनाते आ रहे हैं। 12 दिन तक चलने वाले मोहर्रम के दौरान नगर में सवारी उठाई गई, लंगर का आयोजन हुआ, जिसके बाद गुरुवार को चल समारोह के रूप ताजिए निकाले गए , एक साथ निकले ताजियों को कर्बला में विर्सर्जित किया गया। बता दें कि इस वर्ष 7 जुलाई को मोहर्रम आम जनों की जियारत के लिए पुराने थाने के पीछे रात भर रखे गए। जिसके बाद का चांद दिखाई देने के बाद से नगर में की मस्जिदों में इमाम हुसैन की शहादत की जानकारी दी गई। वही मोहर्रम माह की 5 तारीख को नगर के समस्त इमामबाड़ो में आलम में रखे गये।

## देवशयनी ग्यारस पर वृद्धाश्रम में बांटी खिचड़ी

**सीहोर।** इस साल भी शहर के सैकड़ा खेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में देवशयनी ग्यारस के मौके पर हनुमान चालीसा का पाठ के अलावा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धा सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती निशा सिंह ने यहां पर मौजूद वृद्धजनों और श्रद्धालुओं को फलहारी खिचड़ी का वितरण किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आश्रम के संचालक राहुल सिंह ने बताया कि आश्रम एवं संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में नियमित रूप से धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। बुधवार को भी ग्यारस के मौके पर हनुमान चालीसा का पाठ और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था। इस मौके पर पंडित सुनील शर्मा, उज्जैन प्राचीन शनि मंदिर के पुजारी सचिन त्रिवेदी आदि के सानिध्य में प्रवचन का आयोजन भी किया गया।



पंडित पाराशर ने बताया कि धार्मिक मत है कि देवशयनी एकादशी के दिन सच्चे मन से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने से साधक को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। शास्त्रों के अनुसार, इस एकादशी से श्री हरि क्षीर सागर में विश्राम करने चले जाते हैं और कार्तिक माह में पड़ने वाली देवउठनी एकादशी पर जागृत होते हैं। चातुर्मास में सृष्टि का संचालन भगवान शिव करते हैं। इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है। चातुर्मास के दौरान मुंडन, विवाह, गृह-प्रवेश, भूमि पूजन समेत आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं।

## गुरु पूर्णिमा पर अपनी मां के नाम पौधा लगाने का दिलाया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सीएम राइज स्कूल एवं आर एन ए विद्यालय परिसर में प्राचार्य संजीव दुबे के द्वारा तथा उप्राचार्य अल्पना श्रीवास्तव के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को संकल्प दिलाया गया कि गुरु पूर्णिमा तथा देश के प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे। अंतर्गत स्कूल परिसर में भी पौधरोपण किया गया इस दौरान विधायक ठाकुरदास नागवंशी माधव दास अग्रवाल अरविंद राय विकासखंड शिक्षा अधिकारी रघुवंशी बीआरसी प्रदीप शर्मा अजय दुबे विनय मोहन शर्मा एवं स्कूल के सभी स्टाफ शिक्षक शिक्षिका एवं सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## सीएम राइज विद्यालय पचमढ़ी में एनसीसी कैडेट्स की गई भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सीएमराइज विद्यालय पचमढ़ी में एनसीसी कैडेट्स की भर्ती की गई। शुक्रवार को 13 मध्य प्रदेश एन.सी .सी. बटालियन नर्मदापुरम के कमान अधिकारी कर्नल हरप्रीत सिंह के निर्देशानुसार व सी एम राइज विद्यालय पचमढ़ी के प्राचार्य मनीष गुप्ता के संरक्षण में ट्रुप नंबर 11/13 जे डी में सत्र 2024-2025 के लिए कैडेट्स की भर्ती की गई 13 एम. पी. बटालियन के हवलदार टिंकू डागोर ,एन.सी.सी. प्रथम अधिकारी किशन लाल उइके व संस्था के खेल शिक्षक संतोष यादव के मार्गदर्शन में कैडेट्स चयन किए गए। कैडेट्स चयन में शारीरिक दक्षता 200 मीटर दौड़, चिन अप,पुस अप, नॉक नीस, फ्लैट फुट, लंबाई मापन, वजन मापन इत्यादि प्रक्रिया कराई गई। मेडिकल परीक्षण में फिट पाए जाने पर 2 वर्ष के लिए चयनित छात्रों को कैडेट्स के रूप में भर्ती कर लिया जाएगा



## प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विकासखंड के ग्राम भटवाड़ी के आंगनबाड़ी केंद्र में मिशन शक्ति योजना अंतर्गत मातृत्व लाभ सप्ताह मनाया गया महिलाओं को इस शिविर में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना अंतर्गत नामांकन पंजीकरण अभियान की जानकारी दी शिशु के जन्म से पहले पोषण एवं पर्याप्त आराम के संबंध में गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माता को बताया डाक विभाग के सहयोग से डीबीटी एवं केवाईसी के लिए शिविर लगाया। पर्यवेक्षक कमलेश वर्मा कार्यकर्ता कमलेश दुबे व महिलाएं उपस्थित रहे।

## राज्यसभा सांसद माया नारोलिया का इटारसी पहुंचने पर जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्थानीय विश्रामगृह में भाजपा कार्यकर्ताओं, भारतीय जनता युवा मोर्चा, महिला मंडल एवं नागरिकों द्वारा राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया का स्वागत किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक हरि नारायण अग्रवाल, सोनू दीक्षित, राजा तिवारी, जागृति भदोरिया, ममता मालवीय, मनोज मालवीय, अर्पित रावत, प्रमेश मालवीय, विनोद बारसे, राकेश मालवीय आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद माया नारोलिया ने कहा कि नर्मदा पुरम क्षेत्र में विकास की बहुत संभावना है राज्यसभा सदस्य होने के नाते इस क्षेत्र के विकास के लिए हम लोकसभा सदस्य दर्शन सिंह चौधरी के साथ सभी महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सांसद नारोलिया ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन के प्राण है इनका सम्मान सदैव होते रहना चाहिए। हम आज जिस भी स्थिति में पहुंचे हैं उसके पहले एक साधारण कार्यकर्ता थे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव संयुक्त रूप से प्रदेश के विकास में कार्य कर रहे हैं। बहुत जल्दी नर्मदा पुरम क्षेत्र में भी विकास के नए कार्य होते देखेंगे। भाजपा के नेता विकास नारोलिया भी साथ थे। नारोलिया का भाजपा नेता राजा तिवारी ने कार्यकर्ताओं से परिचय कराया। नारोलिया ने पत्रकार प्रमोद पगारे के स्वास्थ्य की जानकारी दी और उनके कुशलता पूछी।



### नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना व अभिषेक हुआ

# परिक्रमावासियों के लिए बना मेकलसुता आश्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

साल भर देश-विदेश से नर्मदा परिक्रमा के लिए निकलने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने ओर भोजन प्रसादी की सुविधा के लिए ग्राम भीलाखेड़ी में मेकलसुता आश्रम का निर्माण किया गया है। इस आश्रम स्थल निर्माण के लिए गांव के भुजबल सिंह सोलंकी एवं जगदीश चौधरी ने अपनी जगह दान में दी है, इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से इस आश्रम का निर्माण कराया गया। इस आश्रम के निर्माण की पहल करने वाले सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि वे नर्मदा परिक्रमा पर गए थे, परिक्रमा के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को होने वाली समस्याएं जानी, इसके बाद उन्होंने निर्णय लिया कि गांव में जनसहयोग से वे आश्रम का निर्माण कराएंगे। सोलंकी एवं चौधरी परिवार ने 80×100 की जगह दान में दी। परिसर में एक हाल, प्रसाधन स्थल, किचन, संत निवास के अलावा



भगवान शिव मंदिर ओर राम दरबार की स्थापना की जाएगी, समिति ने शिव मंदिर तैयार कर लिया है, जल्द ही राम दरबार का काम प्रारंभ होगा। शुक्रवार को परिसर में नर्मदेश्वर महादेव जी का वटवृक्ष के नीचे अभिषेक एवं स्थापना की गई, इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। पं. विनय कृष्ण व्यास ने बताया कि नर्मदा तीरे बसे इस जिले से हर साल लाखों परिक्रमा वासी परिक्रमा मार्ग से गुजरते हैं, उनके रूकने ओर भोजन प्रसादी की सुविधा के लिए गांव में इस आश्रम का निर्माण किया गया है। सोलंकी ने बताया कि जल्द ही श्रावण माह में यहां रामायण पाठ का आयोजन भी होगा। एक माह यहां अखंड रामायण होगी। शुक्रवार को शिव अभिषेक में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर प्रसादी ग्रहण की।

## शक्ति केंद्रों पर महिलाओं का किया गया सम्मान एवं पौधरोण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा देश से लेकर प्रदेश प्रदेश से लेकर नगर और नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में भी जीत हासिल करने के बाद भी महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक मतदान केंद्र पर महिला सशक्तिकरण को लेकर शक्ति केदो पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं को लिए केंद्र सरकार की दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय शहरी अजीब का मिशन में बेहतरीन कारों के लिए सम्मानित किया गया नगर पालिका ने गरीब महिलाओं को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए बड़े स्तर पर काम किया है ऋण बांटा गया। स्वर




सहायता समूह के गठन किए गए महिला सदस्यों को जोड़ा गया स्वास्थ्य सहायता समूह के आवर्ती निधि प्रधान हुई स्वस्थ सहायता समूह को बैंक कारण बैंक लिंकेज प्राप्त राशि हुई इस तरह से महिलाओं को पूरी तरह से सुदृढ़ एवं मजबूत किया गया है। को आगे बढ़ते हुए नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में शक्ति केंद्र सम्मेलन नगर मंडल के द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक ठाकुरदास नागवंशी ममता नागवंशी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर एवं पार्वती शर्मा नगर महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं तमाम पदाधिकारी की उपस्थिति के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### कालेज में जनभागीदारी समिति की बैठक हुई

**माखन नगर।** माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर की जनभागीदारी समिति की इस सत्र 2024-25 हेतु प्रथम बैठक क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल , महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नीता चौबे एवं भागीदारी समिति के सभी सम्माननीय सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई।

**CHANGE OF NAME**

I, Service No. JC-805895P, Rank- Sub, Name- Dharmendra Pratap Singh, residing at Moh. Chowk, Post- Shahabad, Dist.- Hardoi, State- UP, Pin- 241124, do hereby declare that I have change my mother's name and DOB from Maheshwary Devi, DOB 19 July 1956 to Maheshvari, DOB 22 Aug 1957 Vide affidavit before the Sanjay K Ledwani Notary Public & Advocate at Pachmarhi, Madhya Pradesh Dated 18.07.2024

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में चार लोग घायल

**हरदा।** गुरुवार रात को जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम मांदला के पास के पेट्रोल पंप के पास दो बाइक की भिड़ंत को गई। जिसमें चार लोग घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम रामटेकरैय्यत में रहने वाला सुनील (24) और विजेश (18) बाइक से नीमगांव जा रहे थे। वहीं बारंगी का रहने वाला रितेश अपनी मां आशा बाई के साथ अपने गांव से मांदला में लगने वाले हाट बाजार में किराना लेने जा रहे था। इस दौरान रेलवे फाटक से कुछ दूर निकलने के बाद पेट्रोल पंप के सामने आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें बाइक के पीछे बैठी महिला उछल कर काफी दूर जा गिरी। वहीं दोनो बाइक चला रहे चालक को भी पैरों में चोट आई है। बताया जा रहा है कि घटना में गम्भीर रूप से घायल सुनील बाइक चला रहा था। उसे नीमगांव छोड़ने उसका मामा बिजेश जा रहा था। सभी घायलों को राहगीरों की मदद से देर रात जिला अस्पताल भिजवाया गया है। जहां सभी का उपचार जारी है।

### 41 प्राइवेट स्कूलों को नोटिस जारी, एक स्कूल को अंतिम नोटिस जारी

**हरदा।** जिला शिक्षा अधिकारी बलवंत पटेल ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार प्रत्येक प्राइवेट स्कूल को 24 जून तक शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए निर्धारित फीस पोर्टल पर अपलोड करनी थी। लेकिन जांच के बाद यह पाया गया कि जिले के कुछ स्कूलों द्वारा अभी तक फीस संरचना पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई है, जो कि शासन के आदेशों की अवहेलना है। इसलिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के 41 विद्यालयों को नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि हरदा में संचालित ररऋ्रइ हायर सेकेंड्री स्कूल द्वारा विद्यार्थियों को एक दुकान विशेष से ही स्कूल की शैक्षणिक सामग्री क्रय करने के लिए कहा जा रहा था। इसलिए इस विद्यालय को अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी पटेल ने बताया कि इसके बाद इस विद्यालय की मान्यता समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी।

### बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**हरदा।** जिले में अतिवृष्टि और बाढ़ से निपटने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड मयंक जैन ने बताया कि हरदा का जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 7587643426 है। उन्होने बताया कि बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा की स्थिति में मध्यप्रदेश होमगार्ड और राज्य आपदा मोचन बल एस.डी.ई.आर.एफ. के राज्य स्तरीय स्टेट कमाण्ड सेंटर के टोल फ्री नम्बर 1079, 1070, 7648861040, 7548861050, 7648861060 तथा 7648861080 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### एक आरोपी जिलाबदर

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह ने आरोपी अमन कौशल पिता राकेश कौशल निवासी खिरकिया को आगामी 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। अमन के विरूद्ध थाना छीपाबड़ में धारा 302 व 307 सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध है। अगले 6 माह की अवधि में यह आरोपी हरदा जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिलों बैतूल, देवास, खण्डवा, सीहोर व नर्मदापुरम की सीमाओं में भी प्रवेश नहीं कर सकेगा।

### 21 और 22 को मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा उत्सव

**हरदा।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित सभी शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा उत्सव 21 एवं 22 जुलाई को मनाया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव के दौरान विविध सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी। इसमें गुरु वंदना, संस्थान परिदृश्य, गुरु पूर्णिमा के ऐतिहासिक महत्व, गुरु-शिष्य परम्परा, शिक्षा में नैतिकता, योग और ध्यान, गुरु के आदर्श एवं शिक्षा में नवाचार आदि विविध विषयों पर वक्तव्य एवं चर्चा होगी।

---

### दुकान संचालक ने मामले में सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई

# कीटनाशक दुकान में महिला ने पेट्रोल डालकर लगाई थी आग, सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शहर के छीपानेर रोड पर स्थित एक कीटनाशक की दुकान पर दो दिन पहले रात को आग लग गई थी। जिसके वजह से दुकान के अंदर रखी कीटनाशक सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया था। घटना की सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पा लिया। जिससे आसपास की दुकानों और मकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया।

दुकान संचालक शुभम सारण ने मामले में सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। शुभम ने बताया कि उन्हें रात करीब सवा तीन बजे के आसपास दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। जब वो घर से दुकान पर पहुंचे उसके पहले ही फायर बिग्रेड ओर पुलिस घटना स्थल पर पहुच गई थी। तत्काल दुकान के ताले खोलकर अंदर रखे समान में लगी आग पर फायर बिग्रेड की मदद से काबू पा लिया गया। पहले तो उन्हें लगा कि दुकान में आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी। लेकिन दुकान के बाहर उन्होंने किसी के आग लगाने की आशंका जाहिर की थी।



#### हार्ड डिस्क के चालू होने पर दुकान में आग लगाते नजर आई नकाबपोश महिला

दुकान संचालक शुभम ने बताया कि आग की वजह से दुकान में लगे कैमरे भी चल गए थे। वहीं आगजनी की घटना को रोकने फायर बिग्रेड से डाले गए पानी की वजह से सारे समान सहित कम्प्यूटर की हार्ड डिस्क भी भीग गई थी। जब दोपहर में उसे एक कम्प्यूटर सुधारने वाले के पास ले गए। और हार्ड डिस्क को चालू कर फुटेज देखे तो उसमें रात दो बजकर बाइस से लेकर चौबीस मिनट के बीच एक नकाबपोश महिला अपने हाथों में एक कुप्पी लेकर आती है। जिसमें पेट्रोल भरा हुआ है। जिसे दुकान के अंदर डालकर अपनी जेब से माचिस निकाल कर आग लगाकर भागती दिखाई दे रही है। मामले को लेकर सिटी कोतवाली थाना टीआई प्रह्लाद मर्सकोले ने बताया कि फिलहाल आगजनी का मामला दर्ज किया है। दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से घटना स्थल के पास नजर आ रहे व्यक्ति की तलाश की जा रही हैं। दुकान संचालक का कहना है कि हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। लेकिन आशंका है कि उन्हीं की फील्ड से जुड़े किसी व्यक्ति का घटना में शामिल हो।

### कंपनी के पूर्व मैनेजर ने की थी 1 लाख 70 हजार की चोरी, गिरफ्तार



*हरदा। गुरुवार देर शाम को पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिटी कोतवाली पुलिस ने एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के ऑफिस से चोरी गए 1 लाख 70 हजार रुपए के मामले में खुलासा किया है। सिटी कोतवाली टीआई प्रहलाद सिंह मर्सकोले ने बताया कि सदानी कंपाउंड में संचालित स्वाभिमान माइक्रो फाइनेंस कंपनी के मैनेजर घनश्याम पिता राजकुमार यादव ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गत 10 जुलाई 2024 को सुबह वह अपने साथियों के साथ फील्ड पर चला गया था। इस दौरान बाइक खरीदने के लिए रखे एक लाख 70 हजार रुपए कम्पनी के ऑफिस की अलमारी से गायब हो गए। इस दौरान ना ही ऑफिस का ओर ना ही जिस अलमारी में रुपए रखे थे उसका ताला टूटा था। इस मामले में उन्होंने कम्पनी के पूर्व मैनेजर पर संदेह जताया था। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू की गई। जिसमें कम्पनी का पूर्व मैनेजर देवेंद्र पिता कमल सिंह ठाकुर निवासी ग्राम भंवरीकला थाना जावर जिला सीहोर 10 जुलाई की सुबह साठे आठ बजे बैंक के अंदर जाता और उसके कुछ देर बाद बाहर आता दिखाई देने पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए रुपए बरामद कर लिए है।इस मामले में टीआई मर्सकोले ने बताया कि आरोपी माइक्रो फाइनेंस कंपनी में मैनेजर था। गत एक महीने पहले ही उसने नौकरी छोड़ी थी। उसके पास बैंक के मुख्य गेट एवं अलमारी की चाबी थी। जिसका पता वर्तमान मैनेजर को नहीं था। वहीं उसे यह भी पता था कि किस तारीख में कलेक्शन रोजाना की अपेक्षा ज्यादा आता है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।*

---

# मालवीर पंचायत के घावटी फालिया की आज तक नहीं बनी सड़क

### बुखार से पीड़ित मरीज को दो लोग झोली में डालकर मुख्य मार्ग तक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

जिले की मालवीर पंचायत के घावटी फालिया तक आज तक सड़क नहीं बनी। आदिवासी समाजजनों को डिलेवरी पेशेंट या बीमार होने पर मरीज को विभिन्न साधनों से ले जाना पड़ता है। गुरुवार को बुखार से पीड़ति एक मरीज को 2 ग्रामीण झोली में डालकर धावटी फालिया से करीब 5 किमी दूर रोड तक लाए। यहां से इलाज कराने जामठी गांव ले गए। दरअसल रोड पर बारिश के कारण कीचड़ जमा है। इसे लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया। जिला मुख्यालय से करीब 25 किमी दूर ग्राम पंचायत मालवीर के घावटी फालिया में गुरुवार दोपहर बुखार से पीड़ित नवल सिंह को अस्पताल ले जाने के लिए साधन नहीं मिले। एम्बुलेंस खराब रोड के कारण अंदर तक नहीं जा पाती। ऐसी स्थिति जिले के अन्य आदिवासी क्षेत्रों में भी बनती है। इससे पहले धुलकोट क्षेत्र में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था।

#### 2 लकड़ियों से कपड़ा बांध बनाई झोली, लेटाया मरीज

परिजन ने लकड़ी पर कपड़ा बांध झोली बनाई। इसमें नवल सिंह को लेटाया गया और कंधे पर उठाकर कीचड़ भरे रास्ते से पैदल ही इलाज कराने पांच किमी दूर जामठी ले गए। ग्रामीणों का कहना है घावटी फालिया में यह नई बात नहीं है। जब कभी कोई गंभीर बीमार होता है या गर्भवती को प्रसव पीड़ा होती है तो इसी तरह झोली ही अस्पताल तक ले जाने का उनका सहारा बनती है। बारिश में परेशानी और बढ़ जाती है। कच्चे रास्ते पर कीचड़ होने के कारण बाइक भी नहीं निकल पाती।

#### फालियों में रहती है आबादी, कहीं भी रोड नहीं

*जिले के आदिवासी क्षेत्रों में बड़ी आबादी फालियों में रहती है। कुछ मकानों के रहवासी स्थल को फालिया कहते हैं। ग्राम पंचायत मालवीर के ग्राम जामठी से पांच किमी दूर घावटी फालिया के 200 मकान हैं। फालिया के नवल सिंह की तबीयत कुछ दिन से खराब थी। बुखार के कारण उसने खाना भी छोड़ दिया था। गुरुवार को तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। इलाज के लिए जामठी जाना था। परिजन हमेशा की तरह कपड़े की झोली में कंधे पर उठाकर उसे कीचड़ भरे रास्ते से पांच किमी दूर इलाज कराने ले गए। इसमें एक घंटा लग गया। ग्राम पंचायत ने सड़क बनाने के लिए पहले प्रस्ताव बनाया था। यह स्वीकृत हुआ, यहां नपती भी हुई। लेकिन सड़क नहीं बनी। अब दोबारा इसके लिए प्रस्ताव बना रहे हैं।*

#### सरपंच बोले- दोबारा प्रस्ताव बनाकर भेजा है

*इसे लेकर मालवीर सरपंच भूरासिंह मंगा ने बताया कुछ साल पहले फालिया तक जाने के लिए सड़क का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था। इंजीनियरों ने यहां नपती भी की थी। लेकिन सड़क नहीं बनी।*


---

# गुरुपूर्णिमा पर्व के दौरान शहर में भोपू, हूटर, सायरन पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जिले में गुरूपूर्णिमा का पर्व 19 से 21 जुलाई तक परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। गुरूपूर्णिमा पर्व के दौरान निकटवर्ती महाराष्ट्र एवं जिले के आसपास के अन्य जिलों से लाखों की संख्या में धूनीवाले दादाजी के दर्शन करने के लिए भक्तगण खंडवा आते हैं।

इसके लिए नगर में 19 जुलाई से ही रेल एवं सड़क मार्ग से भक्तों एवं श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो गया है। इस पर्व के दौरान जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया जायेगा। शहरवासियों द्वारा इन भक्तगणों के स्वागत में शहर के मुख्य मार्गों पर भंडारे एवं प्रसादी वितरण के स्टॉल लगाए जाते हैं। कुछ व्यक्तियों, युवाओं द्वारा भोपू, हूटर, सायरन का उपयोग किया जाता है। इसकी कर्कश आवाज से विक्षोभ उत्पन्न होता है, जिससे आम लोगों को तनाव उत्पन्न करता है। जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपर कलेक्टर के.आर. बड़ोले ने नगर निगम सीमा क्षेत्र के भीतर 19 से 21 जुलाई तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश अनुसार स्थाई/अस्थाई दुकानों पर, हाथ ठेला द्वारा, फेरी लगाकर भोपू हूटर, सायरन का क्रय-विक्रय को एवं उसके उपयोग पर तत्काल प्रभाव प्रतिबंधित किया है। इस प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।



प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

### रोजगार मेले में 31 युवाओं का चयन

**हरदा।** म.प्र.डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिले के प्रत्येक विकासखंड में अलग-अलग स्थानों पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत टेमागांव में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कई कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि रोजगार मेले में 72 युवाओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 31 युवाओं का चयन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक राधेश्याम जाट, प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जूही तिवारी, ब्लॉक प्रबंधक अभिजीत मिश्रा, सरपंच रत्ना पटेल, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# खंडवा में मोहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीन के झंडे लहराने पर विवाद

### हिंदू नेताओं और राष्ट्रभक्त वीर युवा मंच ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

शहर में मोहर्रम के अवसर पर ताजियों के जुलूस के दौरान मुस्लिम युवक द्वारा फिलिस्तीन के झंडे लहराने से विवाद खड़ा हो गया था। इस घटना से स्थानीय लोगों के बीच तनाव बढ़ा गया और हिंदू नेता अशोक पालीवाल व राष्ट्रभक्त वीर युवा मंच द्वारा इस पर विरोध जताया है। मोहर्रम के ताजियों के जुलूस में कुछ लोगों ने फिलिस्तीन के झंडे लहराए। यह दृश्य देखकर खंडवा के निवासियों में हलचल मच गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही हिंदू नेता अशोक पालीवाल और राष्ट्रभक्त वीर युवा मंच ने इसका विरोध करते हुए सड़क पर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान अशोक पालीवाल और उनके समर्थकों ने तिरंगा लहराया और हाथों में इजराइल का झंडा लेकर अपना समर्थन प्रदर्शित किया। उन्होंने फिलिस्तीन का झंडा लहराने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की प्रशासन से मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह कार्य न केवल भारत की संप्रभुता के खिलाफ है, बल्कि इससे देश की एकता और अखंडता को भी खतरा है। अशोक पालीवाल ने अपने बयान में कहा फिलिस्तीन का झंडा लहराना भारत की संप्रभुता का अपमान है और इससे देश की एकता को नुकसान पहुंचता है। हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हैं। राष्ट्रभक्त वीर युवा मंच के सदस्यों ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की।



---

### वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, सावधानी बरतने की अपील

# भातखेड़ा अंधारवाड़ी क्षेत्र में नजर आया तेंदुआ, पगमार्क मिले

**बुरहानपुर।** नेपानगर के भातखेड़ा अंधारवाड़ी क्षेत्र में एक बार तेंदुए की आहट नजर आई है। यहां शुक्रवार सुबह किसान दिनेश बरहाटे के खेत में तेंदुए के पगमार्क नजर आए। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। टीम मौके पर पहुंची और लोगों को सतर्कता बरतने की ताकीद की।

गौरतलब है कि इससे पहले भी कई बार क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक हो चुकी है। एक बार यहां से तेंदुए का रेस्क्यू भी हुआ था। उसे पकड़कर खंडवा जिले के ओंकारेश्वर जंगल में छोड़ा गया था। अब फिर से यहां तेंदुआ नजर आ रहा है। रेंजर श्रीराम पांडे ने आमजन से अपील की कि घर से बाहर निकलते समय, खेत जाते समय सावधानी बरतें।



#### 10 दिन के भीतर एक तेंदुए मृत, एक बेहोश मिला

*इधर, नावरा रेंज के नयाखेड़ा क्षेत्र में 10 दिन के भीतर ही एक तेंदुआ मृत और एक बेहोशी की हालत में मिल चुका है। दरअसल नेपानगर, नावरा रेंज में तेंदुए की संख्या काफी अधिक है। कई बार तेंदुए ष्शहर, गांव की ओर आ जाते हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि बारिश में तेंदुए दिखाई दे रहे हों, अकसर वह गर्मियों क समय ही पानी की तलाश में नजर आते रहे हैं। फिलहाल वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है।*

# विधायक अर्चना चिटनिस ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

### सिविल सर्जन से कहा-कल से टोकन सिस्टम लागू करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

विधायक अर्चना चिटनिस ने शुक्रवार दोपहर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. प्रदीप कुमार मोजेष से कहा कि अस्पताल में टोकन सिस्टम लागू किया जाए, ताकि मरीजों को चेकअप कराने में किसी प्रकार की परेशानी न आए।

एक डॉक्टर के सीट पर न होने और बाहर महिलाओं की भीड़ लगी होने पर विधायक ने उन्हें फोन करके बुलाया। विधायक अर्चना चिटनिस ने बताया ब्लड सेपरेषन मशीन यहां लगी है। इसका लाइसेंस मिलना बाकी है। दूसरी सारी प्रक्रियाएं पूरी करा ली गई है। ब्लड सेपरेटर से एक साथ चार लोग लाभ उठा सकेंगे। ब्लड के साथ ही प्लेटलेट्स, प्लाज्मा, आरबीसी आदि काम आएगा। एनओसी मिल गई है। सिविल सर्जन को टोकन सिस्टम लागू करने को कहा है ताकि मरीजों को आसानी हो। इस दौरान विधायक ने डॉक्टरों के हाजिरी रजिस्टर भी चेक किए। कुछ डॉक्टरों को नोटिस देने के निर्देष सिविल सर्जन को दिए। विधायक ने कहा मेरे पास लिखित में शिकायत आई कि यहां गंदगी रहती है। इसे लेकर अफसरों को निर्देश दिए हैं कि साफ सफाई कराएं। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. प्रदीप कुमार मोजेष सहित अन्य डॉक्टर्स और स्टाफ मौजूद था।






### कोटपा एक्ट के तहत 15 दुकानों पर लगाया 2600 रुपए जुर्माना

**हरदा।** तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को नगरीय क्षेत्र खिरकिया में रेल्वे, स्टेशन, बस स्टैंड, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरकारी शिक्षण संस्थानों के नजदीक तम्बाकू से बने उत्पादों को बेचने वालों से जुर्माना वसूला गया। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पीयूष दोगने के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिरकिया के स्टाफ कपिल उमरे, विकास शुक्ला एवं छीपाबड़ थाना की टीम के साथ 15 दुकानों पर धारा 4 एवं धारा 6 के तहत कार्यवाही कर कुल 2600 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

---



### संत विष्णु महाराज मप्र शाखा के अध्यक्ष बने राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन में नियुक्ति हुई

**झिरन्या।** श्री ओम शक्ति सेवाधाम आश्रम मारूगढ़ के संत विष्णु महाराज को राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन की मध्यप्रदेश शाखा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहां एक समारोह में संगठन के महामंत्री संत कल्कि महाराज सहित अन्य संतों ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा और उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि संत कल्कि महाराज ने कहा कि सनातन वैदिक धर्म की पुनर्स्थापना के लिए संगठन की मजबूती के लिए यह कदम उठाया गया है। इसलिए संतगण राम राज्य की स्थापना के लिए सम्पूर्ण देश में कार्य कर रहे हैं। इस कड़ी में संत विष्णु महाराज के जन्म दिवस पर दिए गए नियुक्ति पत्र से उन्हें अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है। इस अवसर पर महंत नारायण भारती(जाम गेट), संत संतोष महाराज (मेलन आश्रम), संत सोहन दास महाराज (शिवरिया), सूरज दास महाराज, शिवानंद महाराज,कमलानंद महाराज, मंगला दीदी,प्रकाश महाराज (भाटियान) सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने सिराली व रोलगांव में मूंग उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को सिराली व रोलगांव का दौरा कर वहां के वेयर हाउस में बनाये गये मूंग उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होने मौके पर मौजूद किसानों से चर्चा कर उपार्जन के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि दूसरी बार स्लॉट बुकिंग करने में परेशानी हो रही है।

उन्होने वेयर हाउस के प्रबन्धक से खरीदे गये मूंग की बिलिंग के संबंध में पूछताछ की। उन्होने उपार्जन केन्द्र पर बारदाने की आपूर्ति के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने सर्वेयर को निर्देश दिये कि अमानक मूंग किसी भी स्थिति में न खरीदें बल्कि शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता के स्तर वाली मूंग ही खरीदें। कलेक्टर सिंह ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रातः 8 बजे मूंग उपार्जन केन्द्र पर मूंग की तुलाई शुरू हो जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान एसडीएम हरदा कुमार शानु देवड़िया, उपसंचालक कृषि संजय यादव, सहायक आयुक्त सहकारिता वासुदेव भदोरिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर ने ग्राम रोलगांव के पास निर्माणाधीन रपटे का निरीक्षण किया।



### सीमावर्ती कस्बा पाल में होगा आयोजन

# गुरुपूर्णिमा: संतश्री लक्ष्मण चैतन्य बापूजी की स्मृति में जुटेंगे साधक



**झिरन्या।** सीमावर्ती महाराष्ट्र के श्री वृन्दावन धाम आश्रम पाल में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर मध्यप्रदेश सहित विभिन्न प्रान्तों के सधाकगण बड़ी संख्या में जुटेंगे। वहां अभा चैतन्य साधक परिवार द्वारा ब्रम्हलीन संतश्री लक्ष्मण चैतन्य बापूजी की स्मृति में उक्त आयोजन किया जा रहा है। गुरु शिष्य के अटूट प्रेम के कारण दो तीन दिन पूर्व ही साधकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है। वहां संत गोपाल चैतन्य महाराज के सानिध्य में प्रति वर्ष गुरुपूर्णिमा पर्व मनाया जाता है, जिसकी व्यापक रूप से तैयारियां की गई है। मंगलवार को श्री चारुकेश्वर आश्रम से करीब तीन सौ श्रृंद्धालुओं की पद यात्रा शुरू हुई, जो वहां पंहुचते पहुंचते उनकी संख्या करीब दोगुनी हो जाती है। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक होती है।